चोरी | गुमराह करने वाला शातिर किरायेदार गाडरवारा पुलिस की गिरफ्त में

चोरी की सूचना देने वाला किरायेदार ही निकला शातिर चोर

नवभारत,नरसिंहपुर। चोरी गये करीबन 12 लाख रूपये कीमती 76 ग्राम सोना,280 ग्राम चाँदी के जेवर एवं 2,000 रू. नगदी हुए बरामद। ज्ञात हो कि दिनांक 06/12/2025 को पंचवटी कॉलोनी गाडरवारा स्थित मकान का ताला तोड़कर अलमारी से सोने चांदी के जेवर व नगदी 8000 रूपये चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना गाडरवारा में धारा 331(4), 305(a) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुये अज्ञात चोर की गिरफ्तारी एवं संपत्ति बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर लगातार संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ एवं पूछताछ की गई ।

पूछताछ करने पर संदेही किरायेदार दीपक वर्मा बार-बार अपना कथन बदल रहा था। तकनीकी साक्ष्य संकलन एवं मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया शातिर किरायेदार चोर-मकान मालिक के शहर के बाहर जाने से सूना घर पाकर शातिर किरायेदार दीपक वर्मा ने घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चाँदी के जेवर एवं नगदी चोरी कर लिये, सोने-चाँदी के जेवर को डिब्बे में भरकर झाड़ियों में छिपा दिया । फिर गुमराह करने के लिये मकान मालिक एवं पुलिस को घर में चोरी हो जाने की सूचना दी । आरोपी, दीपक पिता मनसाराम वर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बसुरिया हाल पंचवटी कॉलोनी गाडरवारा । पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड-आरोपी दीपक वर्मा के विरूद्ध थाना गाडरवारा में पूर्व में जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है । बरामदगी-चोरी गई सोने के 03 मंगलसूत्र, टॉप्स, चेन,0 4 अंगूठी, चाँदी के 05 चूड़े,0 3 पायल,05 जोड़ी बिछिया एवं नगदी 2,000 रू. बरामद किये गये । वैधानिक कार्यवाही- धारा 331 (4), 305 (ए) बी.एन.एस. अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है । कार्यवाही में सराहनीय भूमिका- उक्त आरोपी की पतारसी एवं मशरूका बरामदगी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस,गाडरवारा ललित सिंह डागुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक अशोक सिंह चौहान,सहायक उप निरीक्षक राजेश तिवारी, हरिशंकर बटके, प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत, आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, बालकृष्ण रघुवंशी, सुजीत बागरी, शिवम पटेल, दीपक राजपूत, ऐश्वर्य वेंकट, सौरभ मिश्रा, अक्षय श्रीवास्तव, सृजल भार्गव, रामसिंह की सराहनीय भूमिका रही है ।

भाजपा संगठन का विस्तार, नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारी

नवभारत,गाडरवारा। भारतीय जनता पार्टी के संगठन को और अधिक सशक्त और गतिशील बनाने के उद्देश्य से नरसिंहपुर जिला भाजपा की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इस घोषणा में गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र का दबदबा देखने को मिला है, जहाँ क्षेत्र के कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण पदों से नवाजा गया है। संगठन के प्रति समर्पण और सक्रियता को देखते हुए मुकेश मरैया और कीरत गुर्जर जी को भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। दोनों ही नेता क्षेत्र में गहरी पैठ रखते हैं और लंबे समय से पार्टी की रीति-नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय रहे हैं। कार्यकारिणी में युवाओं और महिला प्रतिनिधित्व का तालमेल बैठाते हुए जय प्रकाश वर्मा हर्ष पाठक और बहन दुर्गेश नंदनी उईके को भाजपा जिला मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन नियुक्तियों से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इन नियुक्तियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए स्थानीय कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक का विशेष आभार व्यक्त किया है। समर्थकों का मानना है कि मंत्री के संरक्षण और जिला अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में यह नई टीम गाडरवारा विधानसभा ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जिले में सफलता के नए सोपान तय करेगी।

108 लीटर देशी एवं प्लेन शराब जब्त

नवभारत,तेंदूखेड़ा। जिला पुलिस अधीक्षक डा ऋषिकेश मीणा के निर्देशन में संपूर्ण जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।जिसे लेकर जिले के संपूर्ण थानों में आये बड़ी सफलतायें अर्जित हो रही है। इसी सिलसिले में एस डी ओ पी अभिनव मिश्रा के मार्गदर्शन में तेंदूखेड़ा अनुभाग में भी धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते सुआतला पुलिस को भी सफलता प्राप्त हुई है। तेंदूखेड़ा में एक प्रेस वार्ता के तहत एस डी ओ पी अभिनव मिश्रा ने बताया कि बुधवार को एक सफेद कलर की पिकअप एम पी 20जेड एल 6893 जो जबलपुर तरफ से राजमार्ग तरफ आ रही थी जिसे मुखबिर की सूचना पर डोंगरगांव के समीप वन विभाग की चौकी के आगे पिकअप की जांच करने पर 07 पेटी देशी प्लेन शराब 05 पेटी देशी मसाला बरामद किए गए। प्रत्येक पेटी में 50 50 पाव कुल 600 पाव 108 लीटर देशी शराब कीमत लगभग 65000 हजार बताई गई है।बाहन चालक तत्काल मौके से फरार हो गया जबकि पीछे तरफ बैठे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूंछताछ में फरार आरोपी में अरुण पिता गुलाब लोधी पिपरिया बेलखेड़ा जिला जबलपुर बताया गया है। इस सफलता में निरीक्षक प्रियंका केवट उप निरीक्षक आशीष वोपचे तथा प्र आ कीरत विश्वकर्मा आर सोहन पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

जनकल्याण को समर्पित यह बजट हर वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया

नवभारत,नरसिंहपुर। सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत है यह बजट जनकल्याण और विकास को समर्पित यह बजट प्रदेश के हर वर्ग—किसान, युवा, महिला और गरीब—को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है बजट में कृषि क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधान किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे। सिंचाई, सड़क और ग्रामीण अधोसंरचना पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे गांवों के विकास को नई गति मिलेगी युवाओं के लिए रोजगारोन्मुख योजनाओं और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाले प्रावधानों की भी सराहना करता हूं महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ाया गया बजट समाज के कमजोर वर्गों को मजबूत आधार प्रदान करेगा। में यह विश्वास जताता हूं कि यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने वाला साबित होगा प्रदेश सरकार विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है और यह बजट उसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

जन अभियान परिषद की विकासखंड में समीक्षा बैठक

नवभारत, साईखेड़ा । मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अंतर्गत विकासखंड साईंखेड़ा, जिला नरसिंहपुर की नवांकुर संस्थाओं एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के परामर्शदाताओं की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समन्वयक श्री जय नारायण शर्मा एवं विकासखंड समन्वयक साईंखेड़ा सुश्री स्मिता दांडे की उपस्थिति में त्रैमासिक कार्ययोजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। नवांकुर संस्थाओं द्वारा पौध नर्सरी स्थापना, मेंटर्स के प्रस्ताव, अनुदान राशि के बैंक उपयोग, कार्यों के सचित्र संक्षिप्त प्रतिवेदन तथा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान उपस्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा त्रैमासिक कार्ययोजना अनुसार किए गए कार्यों के दस्तावेजीकरण की समीक्षा की गई। बैठक में सीएमसीएलडीपी अंतर्गत संचालित कक्षाओं की नियमितता, अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन, विद्यार्थियों की प्रोफाइल एवं पात्रता, विषय एवं ग्राम चयन, विद्यार्थियों एवं मेंटर्स की उपस्थिति, क्षेत्रीय एवं प्रायोगिक कार्यों के कार्यान्वयन तथा सीएम इंटरेंस संबंधी तैयारियों की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त पंख योजना अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वैच्छिक संगठनों के डाटा संकलन, 17 मार्च 2026 को आयोजित घाट उत्सव में नर्मदा सेवा समितियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा माँ नर्मदा अभियान से संबंधित कार्यों को गति प्रदान करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में समस्त नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं को कार्ययोजना के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने छात्रा एवं शिक्षिका को किया सम्मानित

नवभारत,गाडरवारा। जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में आयोजित ओलंपियाड 2025-26 प्रोत्साहन सम्मान समारोह% में गाडरवारा की प्रतिभा ने एक बार फिर नगर का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन शासकीय पूर्व कन्या माध्यमिक शाला की छात्रा शताक्षी कतिया ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान राज्य स्तर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक योग्यता का लोहा मनवाया। कलेक्टर के हाथों मिला सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथि कलेक्टर रजनी सिंह ने मेधावी छात्रा कुमारी शताक्षी कतिया (सुपुत्री डॉ. सुनील कतिया) को उनकी इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने शताक्षी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। गुरु-शिष्य की जोड़ी ने

गाड़ा सफलता का झंडा

किसी भी छात्र की सफलता के पीछे उसके शिक्षक का विशेष योगदान होता है। इस अवसर पर शताक्षी की मार्गदर्शी शिक्षिका सपना बसेड़िया प्राचार्य रजनीश गुप्ता को भी कलेक्टर द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बसेड़िया के कुशल मार्गदर्शन ने शताक्षी को प्रतियोगिता की बारीकियों को समझने और परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की। नगर में हर्ष की लहर शताक्षी की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों, इष्ट मित्रों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गाडरवारा की बेटियों ने हमेशा से ही शैक्षणिक और अन्य क्षेत्रों में जिले का मान बढ़ाया है।

पूजा कौरव बनीं असिस्टेंट कमांडेंट

नवभारत,गाडरवारा। ग्राम महगवां खुर्द मे रहने बाली पूजा कौरव जिन्हें,बचपन से ही वर्दी पहनने और देश की सीमाओं की रक्षा करने का सपना देखने वाली पूजा ने कठिन परिश्रम के बल पर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीएपीएफ परीक्षा में सफलता हासिल की। अब वह सीमा सुरक्षा बल में अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं देगीं पूजा कौरव की इस उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने इसे महिला सशक्तिकरण का उदाहरण बताया है। उनके पिता कृष्ण कुमार कौरव ने भावुक होते हुए कहा कि आज उनकी बेटी ने उनका सिर फक्र से ऊंचा कर दिया है। उनकी माता अर्चना कौरव ने हमेशा अपनी बेटी के सपनों को साकार करने में उनका भरपूर साथ दिया।

बजट : नरसिंहपुर को मिली 550 करोड़ की सौगात

नवभारत/ नरसिंहपुर/गोटेगांव। मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार ने बुधवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अब तक का सबसे बड़ा और महत्वाकांक्षी बजट पेश किया है। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत 4,38,317 करोड़ रुपए का यह बजट राज्य की अर्थव्यवस्था को 18 लाख करोड़ रुपए तक ले जाने की दिशा में एक रोलिंग बजट के रूप में देखा जा रहा है। सरकार ने इस पूरे बजट को ज्ञानी (त्रङ्घहढ्ढ) मॉडल (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी शक्ति, इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्री) पर केंद्रित रखा है। बजट की सबसे बड़ी राहत यह रही कि विकास की विशाल कार्ययोजना के बावजूद जनता पर किसी भी प्रकार का नया कर नहीं लादा गया है।

अन्नदाता के लिए किसान सम्मान वर्ष और सिंचाई का बढ़ा नेटवर्क

सरकार ने वर्ष 2026 को किसान सम्मान वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.15 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कुल प्रावधान किया गया है। बजट में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर अल्पकालीन ऋण की सुविधा निरंतर रखने और 3,000 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेशभर में 1 लाख नए सोलर पंप स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। नरसिंहपुर जैसे कृषि प्रधान जिले के लिए यह प्रावधान अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना के तहत 21,630 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के किसान अपनी उपज को सुगमता से मंडियों तक पहुँचा सकेंगे।

नरसिंहपुर जिले को सिंचाई और खेल अधोसंरचना की बड़ी संजीवनी

जिले के लिए यह बजट उम्मीदों की नई किरण लेकर आया है। बजट में जिले की सिंचाई परियोजनाओं के लिए 550 करोड़ रुपए का विशेष निवेश प्रस्तावित है। इसमें चिंकी बैराज परियोजना और उसके सहायक नहर नेटवर्क के लिए 500 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है, जबकि शक्कर-पेंच परियोजना के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान है। सरकार का लक्ष्य है कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले के हजारों हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। युवाओं के उत्साहवर्धन के लिए जिले में एक सर्वसुविधायुक्त नए खेल स्टेडियम के निर्माण की घोषणा भी की गई है, जो स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखारने में सहायक होगा।

नारी शक्ति और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम

महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार ने अपना खजाना खोल दिया है। लाड़ली बहना योजना के लिए 23,882 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, जबकि महिला कल्याण की विभिन्न योजनाओं के लिए कुल 1.27 लाख करोड़ रुपए सुरक्षित रखे गए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के पोषण को ध्यान में रखते हुए यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना की शुरुआत की गई है, जिससे लगभग 80 लाख छात्रों को टेट्रा पैक दूध उपलब्ध कराया जाएगा। शिक्षा विभाग के लिए कुल 41,126 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, जिसमें 15,000 नए शिक्षकों की भर्ती भी शामिल है। इसके अलावा पुलिस विभाग में भी 22,500 नए पदों पर भर्ती की घोषणा से युवाओं में हर्ष का माहौल है।

पुरानी नहरों की बदहाली और सीपेज का कड़वा सच

बजट में जहाँ नई परियोजनाओं के लिए करोड़ों की राशि आवंटित की गई है, वहीं धरातल पर पुरानी व्यवस्थाओं की चुनौतियां अब भी बरकरार हैं। नरसिंहपुर जिले की जीवनरेखा मानी जाने वाली रानी अवंती बाई लोधी सागर (बरगी बांध) की नहरें रखरखाव के अभाव में जर्जर हो चुकी हैं। 1980 के दशक की इस परियोजना में वर्तमान में भारी सीपेज (रिसाव) की समस्या है, जिससे नहर के किनारे वाले खेतों में पानी भरने से फसलें बर्बाद हो रही हैं। जिला मुख्यालय की अंधेरी माइनर जैसी नहरें दो दशकों से सूखी पड़ी हैं। बजट में नई योजनाओं की चमक के बीच इन पुरानी नहरों के सुदृढ़ीकरण और मेंटेनेंस के लिए किसी स्पष्ट नीति का अभाव किसानों के लिए चिंता का विषय है।

शहरी कायाकल्प और औद्योगिक निवेश

नगरीय निकायों को बुनियादी ढांचे, जल निकासी और यातायात प्रबंधन के लिए बजट में 21,562 करोड़ रुपए की भारी राशि दी गई है। इससे नरसिंहपुर के ऐतिहासिक इतवारा बाजार जैसे व्यापारिक क्षेत्रों के कायाकल्प की उम्मीद जगी है। वर्तमान में यह बाजार क्षतिग्रस्त चबूतरे, खराब पेयजल व्यवस्था और अव्यवस्थित यातायात से जूझ रहा है। स्थानीय व्यापारियों को उम्मीद है कि अमृत 2.0 और श्रद्धा नगर योजना जैसी योजनाओं के तहत इतवारा बाजार को एक मॉडल मार्केट के रूप में विकसित किया जाएगा। वहीं, जिले को प्राप्त 4,376 करोड़ रुपएके औद्योगिक निवेश प्रस्तावों से क्षेत्र में नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और रोजगार सृजन की प्रबल संभावना है।

बजट पर प्रतिक्रियाएं

मप्र को गति देने वाला बजट



तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने बजट की सराहना करते हुए इसे प्रदेश के विकास को नई गति देने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में यह बजट किसानों की बेहतरी, सिंचाई विस्तार, युवाओं के कल्याण और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। सड़कों के लिए किया गया विशेष प्रावधान जिले के विकास में चार चांद लगाएगा।

विश्वनाथसिंह पटेल (विधायक) तेंदूखेड़ा

केवल आंकड़ों का मायाजाल

पूर्व विधायक संजय शर्मा ने बजट की आलोचना करते हुए इसे शब्दों की बाजीगरी और आंकड़ों का मायाजाल करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसान कल्याण वर्ष तो घोषित कर दिया, लेकिन धरातल पर अन्नदाता आज भी खाद और उपज के सही दाम के लिए संघर्ष कर रहा है। प्रदेश लगातार कर्ज के दलदल में धंस रहा है और बजट का बड़ा हिस्सा केवल ब्याज चुकाने में चला जाता है। युवाओं के रोजगार के लिए कोई ठोस योजना न होना और पुरानी घोषणाओं को दोहराना जनता के साथ छलावा है।

संजय शर्मा ,कांग्रेस पूर्व विधायक

प्रदेश के विकास के लिए नए आयाम स्थापित करेगा

यह बजट भाजपा जिला मंत्री श्रीमती संगीता शर्मा ने बजट को आम जनता को समर्पित बताते हुए कहा कि इसमें महिला सशक्तिकरण, युवाओं और किसानों के चहुंमुखी विकास पर विशेष जोर दिया गया है। विपक्ष द्वारा कर्ज लेने के आरोपों पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कर्ज लेकर प्रदेश का बंटाधार किया और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, और यह बजट प्रदेश के विकास के लिए निश्चित ही नए आयाम स्थापित करेगा।

श्रीमति संगीता शर्मा (भाजपा जिला मंत्री) ,गोटेगांव

महिलाओं के साथ-साथ यह बजट संपूर्ण वर्ग के लिए राहत

श्रीमती अंजनी सोनी ने कहा यह बजट महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम है। बजट महिलाओं, युवाओं, किसानों और मध्यम वर्ग को ताकत देने वाला है। समाज के हर वर्ग के विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, हमारी भाजपा सरकार ने संपूर्ण वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया यह बजट हर वर्ग के लिए हितेषी और प्रधान साबित होगा सभी वर्ग ने मिलकर बजट का जोरदार स्वागत किया है। बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति देगा साथ ही भाजपा बजट महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम है।

अंजनी सोनी , भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोटेगांव*

निराशाजनक और कर्ज पर आधारित बजट

गोटेगांव के पूर्व विधायक शेखर चौधरी ने बजट को प्रदेश की जनता के लिए अत्यंत निराशाजनक बताते हुए कहा कि सरकार का कर्ज अब बजट राशि से भी अधिक हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार हर सप्ताह बाजार से 5,000 करोड़ रुपए का कर्ज लेकर वेतन और पुराने कर्ज का ब्याज चुका रही है, जिससे प्रदेश के विकास पर बुरा असर पड़ रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि बजट में किसानों की पूरी तरह अनदेखी की गई है, जहाँ अन्नदाता खाद-बीज के लिए कतारों में खड़ा है और उसे उपज का सही दाम भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने सरकारी निर्माण कार्यों में व्यापक भ्रष्टाचार, अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी और स्कूलों में अतिथि शिक्षकों व मध्याह्न भोजन कर्मियों को समय पर भुगतान न मिलने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि शिक्षित बेरोजगारों के लिए भी बजट में कोई ठोस योजना नहीं है।

शेखर चौधरी , (पूर्व विधायक) ,गोटेगांव

सर्वहारा वर्ग के विकास को समर्पित बजट

भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने बजट पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे विकसित एवं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की आधारशिला बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत यह बजट समाज के सर्वहारा वर्ग के उत्थान को समर्पित है। जिलाध्यक्ष के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने इस बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के साथ-साथ उद्योग और बुनियादी ढांचे (त्रङ्घहढ्ढ मॉडल) को जोड़कर विकास की नई परिभाषा लिखी है। उन्होंने विशेष रूप से नगरीय निकायों के विकास के लिए लाई गई द्वारका योजना और स्कूलों में बच्चों को मिलने वाले मुफ्त दूध की पहल की सराहना की। पाठक ने कहा कि बिना किसी नए कर के इतना बड़ा बजट पेश करना मध्यम और गरीब वर्ग के लिए बड़ी राहत है और यह बजट 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करेगा।

रामस्नेही पाठक (भाजपा जिलाध्यक्ष),नरसिंहपुर